भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.08.2024

# आरेडिका में मनाया गया विभाजन विभीषिका दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 14.08.2024 को रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए एक चित्र प्रदर्शनी लगाकर विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाया गया एवं विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई पीड़ा और कष्टों पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभाजन के समय जनता को किन–किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा इसके संबंध में बैनर, पोस्टरों की एक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में कुछ तस्वीरों के माध्यम दर्शाया गया कि विभाजन के समय लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में रेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । किस प्रकार रेल ने लोगों के जान–माल की रक्षा की। विभाजन के दौरान पश्चिमी एवं पूर्वी पाकिस्तन से लाखों की संख्या में लोग पंजाब, बंगाल एवं दिल्ली की ओर आये तथा लाहौर एवं ढाका की ओर विस्थापित हुए।

अन्य चित्रों में विभाजन पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए लार्ड माउण्ट वेटन, जिन्ना नेहरू एवं भारत पाकिस्तान के मध्य सीमा का निर्धारण करने वाले रेडक्लिफ आदि के चित्रों के द्वारा भारत विभाजन की पृष्ठभूमि को समझाया गया। जिससे 14 अगस्त 1947 की यादें ताजा हो गई।

इसी कड़ी में शॉपिंग कॉम्पलेक्स में कार्मिक विभाग तथा स्काउट एवं गाइड के द्वारा विभाजन विभीषिका के संबंध में नुक्कड़ नाटक किया गया तथा जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर लोगों को विभाजन की पृष्ठभूमि के बारे में समझाया गया।

आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से विभाजन की विभीषिका को समझा एवं एक–दूसरे से विभाजन के बारे ऐतिहासिक जानकारी साझा की।

14.8.2024

(आर.एन.तिवारी )

मुख्य जन संपर्क अधिकारी